# मेरा मकसद कोई भूखा न सोए : दाती

**8 अगस्त 2011**

## श्री शनिधाम ट्रस्ट द्वारा संचालित गरीब कार्ड योजना के अंतर्गत असहाय व बेसहारा लोगों को सहायता राशि वितरित की गई

सिर्फ एक सार्थक सोच थी कि कोई भूखा न सोए, कोई अभाव में न रहे और कोई असहाय न हो। इसके लिए कोई लंबी चौड़ी योजना नहीं थी। इसी बीच एक संक्षिप्त प्रस्ताव आया और जिला प्रशासन की मदद से दाती गरीब कार्ड योजना का खाका तैयार किया जाने लगा। कम थोड़ा मुश्किल जरूर था पर नामुमकिन नहीं। योजना को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए प्रचार प्रसार अभियान शुरु किया गया। इसके बाद आवेदन करने वालों को सूचीबद्ध कर योजना को कार्य रूप में लाने की कोशिश तेज कर दी गई। धीरे-धीरे श्रीशनिधाम ट्रस्ट के सक्रिय प्रयास से योजना मूर्त रूप लेने लगी और आज इस योजना का दायरा काफी बढ़ गया है।

इस वर्ष जनवरी से योजना की शुरुआत की गई। योजना के शुभारंभ पर दो सौ लोगों के कार्ड बनाए गए और उन्हें तीन सौ रुपये नगद, दस किलोग्राम खाद्यान्न, कपड़े और चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई गई। आज इस योजना का लाभ 978 जरूरतमंद परिवारों को मिल रहा है। साथ-साथ और परिवारों तक इसका लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। योजना को पूरे राजस्थान में पहुंचाने की कोशिश है। फिलहाल यह योजना पाली, सिरोही और ब्यावर में चल रही है। योजना के बारे में श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर परमहंस दाती महाराज का कहना है कि मैं कोई नीति निर्माता या योजना बनाने वाला नहीं हूं और ना ही मैं कोई संत-महात्मा हूं। मैं तो बस इस देश का बेटा हूं और हर किसी को मुस्कुराहट बांटने आया हूं। दाती गरीब कार्ड इसी दिशा में एक प्रयास है। इस कार्ड का मकसद हर व्यक्ति के जीवन में उत्साह, उल्लास, उत्सव और उमंग का संचार करना है। मेरा प्रयास है कि मेरे देश में कोई भूखा न सोए, कोई इलाज से वंचित न रहे और कोई भी होनहार बालिका शिक्षा से महरूम न रहे।

### कौन होता है पात्र

दाती गरीब कार्ड योजना के तहत उन परिवारों को हर माह तीन सौ रुपये नकद, दस किलोग्राम खाद्यान्न, मुफ्त दवाइयां व कपड़े दिए जाएंगे, जिनकी आर्थिक स्थिति खराब है तथा वे परिवार किन्हीं कारणों से बीपीएल सूची से वंचित रह गए हैं। इसके अलावा विकलांग भी इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं लेकिन योजना का लाभ किसी भी सरकारी योजना से लाभान्वित को नहीं मिलेगा।

### ऐसे होता है चयन

जरूरतमंद परिवारों का सर्वे कर पाली व सिरोही जिला प्रशासन सूची बनाता है। जिला प्रशासन की सूची के अनुसार परिवारों को गरीब कार्ड योजना का लाभ शनिधाम ट्रस्ट की ओर से दिया जाता है। पाली में हर माह एक से आठ तारीख के बीच योजना का लाभ दिया जाता है।

### क्या है लाभ

योजना के तहत वास्तविक रूप से गरीब व विकलांग को प्रत्येक माह दस किलो गेहूं, तीन सौ रुपये पेंशन व चिकित्सकों से जांच करवाई जाती है। यह योजना पाली, ब्यावर व सिरोही में चल रही है।